Monitoring and giving feedback: Upper Primary Language and Literacy

English (with Hindi)
Commentary: In this upper primary language class, the teacher uses monitoring and feedback techniques throughout the lesson. **Teacher:** जच्चा गातीं हैं। कोई सुनाएगा? गाके बताएगा? आप सुनाएँगी? सुनाइए, बेटा। **Student 1:** लाला-जनम सुने आई; जशोदा मैया, दे दो बधाई। **Teacher:** Very good, very good, शाबाश! क्या बात है! बहुत बढ़िया! Very good! Commentary: The teacher asks the students to work in groups to translate regional folk songs from their home languages into the school language. **Student 2:** मोहे... **Student 3:** परायी ना करियो... **Student 2:** अपने से... **Student 3:** से परायी... **Students:** क्या है बाबा... **Student 4:** वो अपने पति से बोलती है... **Student 5:** उसने कहा, सोने की औरत बना लो। **Student 6:** पत्नी, सोने की पत्नी। **Student 7:** नहीं, इसमें औरत लिखा है ना। Commentary: Notice how the teacher monitors her students' learning through quiet observation. She judges carefully when to intervene. This should only be to support or challenge students. **Teacher:** हाँ, आप गाके बताओ, कैसे गाओगे? **Student 8:** सगे भैया को जहर ना पिलइयो, पिया वचन मान जाईयो। **Teacher:** हाँ, अब जब हम अनुवाद करेंगे, तो कैसे गाएँगे इसको? **Student 8:** सगे भाई को जहर मत पिलाओ, पिया वचन मान जाओ। **Teacher:** गाके बताओ, गाके बताओ।

Student 8: सगे भैया...

Students & Teacher: सगे भैया को जहर ना पिलाना; पिया वचन मान जाना।

Student 9: Ma'am, वचन का मतलब, मेरी बात मान जाओ।

Teacher: हाँ, हैं न? अब फिर, ऐसे पूरा करो इसको आप। हैं न? इसी तरह से कि, हम गा भी सकें इसको।

Commentary:

In this next lesson, the class is working in groups to practise debating the topic of water conservation.

Student 10: जैसे, देखो, कोई-कोई घर में motor होती है, तो वो पानी ज्यादा बहाता है। उसको पानी नहीं बहाना चाहिए।

Commentary:

The teacher encourages her students to communicate effectively with one another.

Teacher: जो आपने बात की है अभी, वो इनको बताएँगे। इन्होंने जो बात की है, वो आपको बताएँगे। हाँ, ठीक है?

Student 11: हमें बाल्टी में भरकर नहाना चाहिए।

Student 12: हमको मुँह धोते समय, एक गिलास में पानी रखना चाहिए, नल नहीं खोले रहना, नल नहीं खोलना चाहिए।

Student 13: जो जब पानी गिरता है न, तो वो इतनी जोर से नीचे गिरता है। उसमें हमें, टब या बाल्टी, कुछ भी लगा देना चाहिए।

Student 10: जिस पानी से हम बर्तन धोते हैं ना, वो पानी, हमें पेड़-पौधों में डाल देना चाहिए। व्यर्थ बहाना नहीं चाहिए।

Teacher: हमने पढ़ा था कि, पृथ्वी एक गुल्लक होती है। जैसे, हम लोग पैसा जमा करते हैं न, वैसे, पृथ्वी को, हम गुल्लक की तरह उपयोग कर सकते हैं न? पानी, ज्यादा से ज्यादा, धरती में समा जाए - इसके लिए - हम क्या कर सकते हैं?

Student 12: Ma'am, वो... पानी गिरता है वो पानी....

Teacher: हाँ...

Student 10: हमें बाल्टी या टब लगा देना चाहिए।

Teacher: पानी, जो बारिश का पानी आता है, उसका कैसे हम संग्रह कर सकते हैं?

Commentary:

Another useful monitoring technique is to ask each group in turn to share what they have discussed with the class. Notice how the teacher listens without interrupting and gives praise.

Teacher: आपके चार मिनट complete हो गए हैं। अब, आपने आपस में जो जो कुछ discussion किया है, वो अब आप मुझे बताएँगे।

नयना, आप खड़े हो जायें, बेटा। ये group खड़ा होगा, नयना group। आप बताएँगे?

Student 1: जब हम होली खेलते हैं, तो रंग हमें घोलकर नहीं लगाना चाहिए। हमें गुलाल से होली खेलनी चाहिए। जिससे, हमारे जल का दुरूपयोग नहीं होगा, क्योंकि हम घुले रंग से होली खेलेंगे, तो हमारे शरीर पर रंग लगेगा, और नहाने में पानी व्यर्थ होगा। इसलिए हमें गुलाल से होली खेलनी चाहिए, जिससे पानी का संरक्षण होगा।

Teacher: बहुत बढ़िया! शाबाश, बेटा! Very good!

Commentary:

The teacher questions her students to extend their thinking.

Student 13: Ma’am, वो... नल आते हैं, तब सारे लोग झगडा करने लगते हैं। और पानी का दुरूपयोग होता है, और वो...

Teacher: कैसे पानी का दुरूपयोग होता है, झगडा होता है तो?

Student 13: Ma’am वो, पानी व्यर्थ जाता रहता है।

Teacher: लोग झगड़ते रहते हैं, और पानी बहता रहता है। न वो भर पाता है, न वो भर पाता है।

Student 13: Yes, ma’am.

Teacher: ठीक है! शाबाश!

Student 13: और वो कुछ लोग अपने घर में motor लगा लेतें हैं। जो दूसरे का पानी भी, उनकी motor खींच लेती हैं। और दूसरे को पानी नहीं मिल पता।

Teacher: अब आप लोग बैठ जाइए। शाबाश! Very good!

अभी, हम लोगों ने जलसंरक्षण के बारे में बातचीत की, आपस में सबने? अब...

Commentary:

Finally, the teacher writes up the key points from the lesson to help reinforce her students’ learning.

How might you incorporate opportunities for monitoring and feedback at different points in your lessons?